देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 189 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**किसानों का विरोध अभी थमा नहीं



# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 29 अक्टूबर 2020



मौसम अधिकतम 28.0° न्यूनतम 14.0°

38239.51

2 इमरान खान ने अलापा कश्मीर राग
7 जल्द सुधार करना होगा : पॉन्टिंग

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी ने पीएम मोदी की तुलना रावण से की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
पश्चिम चंपारण। बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचार करने पहुंचे कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना रावण से की है। राहुल गांधी ने वेस्ट चंपारण में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने 2014 में वादा किया था कि वह बिहार की चीनी मिलों को चालू कराएंगे और जब अगली बार आएंगे तो यहां की मिल में बनी चीनी को चाय में मिलाकर पिएंगे। मैं पूछता हूं पीएम आपके साथ चाय पीये क्या? राहुल ने आगे कहा कि आमतौर से दशहरे में रावण, कुंभकरण ओर मेघनाद के पुतले जलाए जाते हैं, लेकिन इस बार पंजाब में दशहरा पर पहली बार मोदी, अंबानी जी और अडानी जी के पुतले जलाए गए। ऐसा पूरे पंजाब में देखने को मिला।

### इंडियन आर्मी चीफ जनरल नरवणे अगले हफ्ते जाएंगे नेपाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन आर्मी चीफ जनरल एमएम नरवणे 4 से 6 नवंबर तक नेपाल दौरे पर रहेंगे। नेपाल आर्मी चीफ जनरल पूर्णचंद्र थापा के निमंत्रण पर जनरल नरवणे नेपाल जा रहे हैं। लिपुलेख को लेकर हुए विवाद के बाद यह पहला हाईलेवल आधिकारिक दौरा है। नेपाल में इस दौरे को भारत की तरफ से पॉजिटिव कदम के तौर पर देखा जा रहा है।

### मोदी ने खराब कर दी है इमरान खान की नींद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
मोतिहारी। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कांग्रेस ने कश्मीर में शेष भारतीयों के लिए जो अधिकार छीना था उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हासिल कराकर देशविरोधी ताकतों को करारा जवाब दिया है। अब देश के किसी भी नागरिक को कश्मीर में जमीन खरीदकर बसने से कोई रोक नहीं सकता है। आज समूचा भारत एक है। इसी कारण पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की नींद हराम हो गयी है।

# जब तक दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं

## सीएस ने की कोविड–19 की रोकथाम हेतु किये जा रहे प्रयासों के सम्बन्ध में बैठक, व्यापक प्रचार प्रसार के निर्देश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। मुख्य सचिव ओम प्रकाश ने बुधवार को सचिवालय में कोविड–19 की रोकथाम हेतु किये जा रहे प्रयासों के सम्बन्ध में बैठक की। कोविड–19 को जन आंदोलन बनाए जाने के लिए सूचना विभाग नोडल विभाग के रूप में कार्य कर रहा है। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि दीपावली एवं राज्य गठन सप्ताह को देखते हुए सूचना विभाग को विशेष प्रयास करने होंगे। उन्होंने सूचना विभाग को पोस्टर्स, वॉल पेंटिंग्स आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार किए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, 09 नवम्बर के कार्यक्रम के लिए पुलिस लाईन में आयोजित होने वाली परेड में पुलिस विभाग को पोस्टर आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान ''जब तक दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं'' का व्यापक प्रचार प्रसार किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को कोरोना के प्रति जागरूक करने हेतु इस प्रकार के स्लोगन हर जगह दिखाई देने चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचने हेतु आमजन को जागरूक करने के लिए बच्चों की रैली आयोजित करायी जा सकती है।

**राज्य गठन सप्ताह को देखते हुए सूचना विभाग को विशेष प्रयास करने होंगे**

सीएस ने कहा कि कोरोना के इस दौर में स्वास्थ्य विभाग के साथ–साथ पुलिस विभाग को भी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। दो–तीन दिन लगातार छुट्टी होने के कारण पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की आवाजाही बढ़ेगी ऐसे में सोशल डिस्टेंसिंग और सैनेटाईजेशन पर विशेष ध्यान दिया जाए। मास्क, सैनिटाईजर का प्रयोग एवं सोशल डिस्टेंसिंग पर वॉल राईटिंग का व्यापक अभियान चलाया जाए। उन्होंने पुलिस विभाग को टूरिस्ट लोकेशन्स में स्टाफ बढ़ाए जाने हेतु निर्देश दिए। दुकानों के गेट के बाहर ही सैनिटाईजर की व्यवस्था की जाए। उन्होंने होटल, रेस्टोरेंट व दुकानों में सीटों पर ''इस सीट में न बैठें'' का स्टीकर लगाये जाने को बढ़ावा दिए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि एग्जोस्ट फैन के इस्तेमाल को भी बढ़ावा दिया जाए।

**निर्देश:** मुख्य सचिव ने सभी विभागों के पोर्टल्स पर कोरोना हेतु जागरूकता के लिए स्क्रॉल चलाए जाने हेतु एनआईसी को निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों से अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पूल करने हेतु सूचना विभाग एवं अन्य विभागों से आपस में समन्वय बनाकर कोरोना के प्रति जागरूकता में प्रोएक्टिव होकर अपना योगदान देने के भी निर्देश दिए।

### होटल्स एवं पारिवारिक समारोह में डिस्पोजल्स को दिया जाए बढ़ावा



मुख्य सचिव ने कहा कि टूरिस्ट लोकेशन्स में पोस्टर्स, होर्डिंग्स आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाए। रेस्टोरेंट एवं होटल्स में डिस्पोजेबल कटलेरी एवं गिलास आदि की व्यवस्था को लागू करवाया जाए। आदेशों की अवहेलना करने वालों पर पुलिस कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि पारिवारिक कार्यक्रमों में भी डिस्पोजेबल को बढ़ावा दिए जाने के प्रति आमजन को जागरूक किया जाए।

मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य विभाग को सीडीओ एवं सीएमओ के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जन जागरूकता हेतु संदेश दिए जाने के निर्देश दिए। अगले कुछ दिनों में बारिश होने की संभावना है, जिसके कारण कोरोना का प्रकोप भी बढ़ने की सम्भावना है, इसे देखते हुए विशेष प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने अस्पतालों में ओपीडी की संख्या घटने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि मरीजों को बेवजह कोरोना टेस्ट किए जाने को मजबूर न किया जाए। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा शीघ्र निर्देश जारी किए जाएं।

शेष खबर पेज 3 पर...

# सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल करेगी सरकार

## यदि सीबीआइ जांच होती है, तो सरकार पूरा सहयोग करेगी

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत से जुड़े मामले में नैनीताल हाईकोर्ट द्वारा सीबीआइ जांच के आदेश के प्रकरण में प्रदेश सरकार सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को ही एसएलपी दाखिल किया। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी डॉ देवेंद्र भसीन ने कहा कि इस सिलसिले में सरकार की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है।

हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री के खिलाफ सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करने के मामले में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने के मंगलवार को आदेश दिए। साथ ही याचिकाकर्तता उमेश शर्मा द्वारा इस मामले में मुख्यमंत्री पर लगाए गए आरोपों की सीबीआइ से जांच के आदेश दिए। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ भसीन ने कहा कि अदालत के फैसले का सरकार सम्मान करती है। यदि सीबीआइ जांच होती है, तो जांच में सरकार पूरा सहयोग करेगी। साथ ही यह भी कहा कि अदालत के आदेश के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट में विशेष जनहित याचिका दायर की जा रही है।

**यह है मामला:** सेवानिवृत्त प्रोफेसर हरेंद्र सिंह रावत ने उमेश शर्मा के खिलाफ ब्लैकमेलिंग, दस्तावेजों की कूटरचना और गलत तरीके से बैंक खातों की जानकारी हासिल करने का आरोप लगाते हुए इसी साल जुलाई में देहरादून स्थित राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमे में कहा गया कि उमेश शर्मा ने सोशल मीडिया में खबर चलाई कि प्रो रावत ने व उनकी पत्नी के खाते में नोटबंदी के दौरान झारखंड के अमृतेश चौहान ने रकम जमा कराई। 25 लाख की यह रकम मुख्यमंत्री को देने को कहा गया। प्रो रावत के अनुसार ये सभी तथ्य पूरी तरह गलत हैं।

### मुख्यमंत्री का अल्मोडा दौरा रद, दिल्ली हुए रवाना



मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत अपना बुधवार का अल्मोडा दौरा रद कर दिल्ली रवाना हो गएं। वह दिल्ली में विधायक सुरेंद्र सिंह जीना की पत्नी के अंतिम संस्कार में भाग लेंगे। यह भी माना जा रहा कि मुख्यमंत्री दिल्ली प्रवास के दौरान पार्टी के केंद्रीय नेताओं से भी मुलाकात कर सकते हैं।

# जंगलराज के युवराज नहीं कर सकते विकास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

**चुनाव**

■अटकाने, भटकाने और लटकाने वालों से बिहार को बचाए: पीएम

बिहार। बिहार विधानसभा चुनाव 2020 के दूसरे चरण के मतदान के लिए प्रचार का कार्य चरम पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बिहार में तीन सभाएं कीं। सबसे पहले दरभंगा उसके बाद मुजफ्फरपुर और अंत में पटना में सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को चेताया, कहा यदि जंगलराज वाले लोग सत्ता में आ गए तो फिर से बिहार अपहरण का बाजार बन जाएगा। यह बीमार हो जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा, अटकाने, भटकाने और लटकाने वालों से बिहार को बचाएं। ये बिहार को बीमार बना देंगे। इसके बाद विकास के काम को आगे बढ़ाना असंभव हो जाएगा।

आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए एक साल के लिए मुफ्त में इंटरनेट की सुविधा देने की घोषणा की। पीएम ने कहा कि तकनीक की मदद से भ्रष्टाचार पर लगाम लगाया जा सकता है, एनडीए की सरकार ने इसे कर दिखाया है। कोरोना काल में बैंक खातों से होने वाले फायदों को लोगों को बताया। इसकी वजह से लोगों तक सरकार सहायता पहुंचाने में सफल हुई है। पटना के बाद सूबे के दूसरे शहरों में भी लागू होगी मेट्रो परियोजना। चुनाव के बाद स्वामित्व कार्ड योजना लागू की जाएगी। लोगों को अगाह किया कि वे फिर से जंगलराज वालों को आने का अवसर नहीं दें। जंगलराज का युवराज बिहार को आइटी हब नहीं बना सकते। कहा, हमारी सरकार ने प्रतियोगिता परीक्षा देने वालों के लिए सुधार किया है। अब एक ही परीक्षा और वह भी संबंधित जिले में ही होगी। सवर्ण गरीबों को भी आरक्षण दिया गया है। जिससे ये भी आगे बढ़ सकें।

पीएम ने कहा कि बीते डेढ़ दशक में एनडीए शासन में बिहार असुविधा से सुविधा की ओर, कुशासन से सुशासन की ओर बढ़ने में सफल रहा है। यदि जंगलराज वाले आ गए तो बेड़ा गर्क हो जाएगा।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# फ्रांस पर मुस्लिम देश आगबबूला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेरिस। पैगंबर मोहम्मद साहब के कार्टून विवाद में मुस्लिम देशों और फ्रांस के बीच मतभेद गंभीर रूप लेता जा रहा है। मुस्लिम देशों की सबसे ज्यादा आपत्ति फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के उस बयान पर जिसमें उन्होंने कहा था कि इस्लाम संकट में है। इस बीच पैगंबर के कार्टून के प्रदर्शन के विरोध में बांग्लादेश की

### बांग्लादेश में जोरदार प्रदर्शन

राजधानी ढाका में एक इस्लामिक समूह के लगभग 10,000 लोगों ने मंगलवार को जुलूस निकाला और दुनिया भर के मुसलमानों से फ्रांसीसी उत्पादों का बहिष्कार करने का आग्रह किया।

तुर्की के राष्ट्रपति तैयप रेसेप एर्दोगान ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति के बयान की आलोचना की और कहा कि फ्रांसीसी के मानसिक जांच की जरूरत है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति के इस बयान की दुनियाभर के मुस्लिम देशों में आलोचना हो रही है। इसमें सऊदी अरब और ईरान भी शामिल हैं जो तुर्की के विरोधी माने जाते हैं। मलेशिया ने कहा है कि वह मुस्लिमों के प्रति खुलेआम बढ़ती आक्रामकता से बहुत चिंतित है। पाकिस्तान ने भी फ्रांस की कड़ी निंदा की है।